बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place: Mumbai** तारीख/**Date: 17.11.2023**

**प्रेसविज्ञप्ति /Press Release**

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने भारतीय किसानों के लिए वार्षिक संपर्क कार्यक्रम 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के छठे संस्करण का किया उद्घाटन

*'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के माध्यम से, बैंक किसानों के साथ जुड़ने और बैंक द्वारा की गई विभिन्न कृषि आधारित पहलों तथा कृषि उत्पादों और योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक करने का प्रयास करता है।*

*बड़ौदा किसान पखवाड़ा के दौरान 4 लाख से अधिक किसानों तक पहुंचने का बैंक का लक्ष्य है।*

**मुंबई, 17 नवंबर, 2023:** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था पर केंद्रित, दो सप्ताह तक चलने वाले बैंक के वार्षिक संपर्क कार्यक्रम '**बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के छठे संस्करण** के उद्घाटन की घोषणा की। किसानों से जुड़ाव को समर्पित यह कार्यक्रम 16 नवंबर, 2023 से शुरू होकर 30 नवंबर, 2023 को बड़ौदा किसान दिवस समारोह के साथ सम्पन्न होगा। दो सप्ताह तक चलने वाले इस कृषि उत्सव के दौरान, देश भर में स्थित बैंक की अर्ध-शहरी, ग्रामीण और चुनिंदा मेट्रो और शहरी शाखाएं सक्रिय रूप से भाग लेंगी। बड़ौदा किसान पखवाड़े के दौरान बैंक विभिन्न संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से 4 लाख से अधिक किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य बना रहा है।

इन दो सप्ताहों के दौरान, बैंक किसानों तक पहुँचकर "घर-घर केसीसी अभियान" के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड जैसी विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा और साथ ही कृषक समुदाय के लाभ के लिए बैंक द्वारा प्रस्तावित कृषि उत्पादों, योजनाओं/ऑफर और डिलीवरी चैनलों के बारे में भी जागरूक करेगा। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न आत्मनिर्भर भारत योजनाओं जैसे कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ), पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (एएचआईडीएफ), प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई), पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना(पीएम-एफएमई) आदि को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।

पखवाड़े के दौरान बैंक किसान बैठकों, चौपालों, किसान मेलों और (मिट्टी, मवेशियों और किसानों के लिए) स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेगा और इस अवसर का उपयोग प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता और साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भी करेगा।

इस अवसर पर **बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चांद** ने कहा, "बड़ौदा किसान पखवाड़ा किसानों से जुड़ाव और संपर्क स्थापित करने की दिशा में भारतीय बैंकिंग उद्योग में एक अनूठा संपर्क कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हमारा उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र के योगदान की भूमिका को रेखांकित करना है और उन्हें विशिष्ट कृषि-ऋण उत्पादों के साथ-साथ अन्य बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करके आगे बढ़ने में मदद करना है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कृषक ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने की एक समृद्ध परंपरा रही है और बड़ौदा किसान पखवाड़ा इस जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई ऐसी ही एक पहल है'।

**श्री** <**नाम**>, <**अंचल प्रमुख**> **बैंक ऑफ़ बड़ौदा – अंचल का नाम**> ने कहा, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास कृषक ग्राहकों का एक मजबूत आधार है और हम कृषि क्षेत्र को सेवा प्रदान करने वाले अग्रणी बैंकों में से एक है। इस वर्ष बड़ौदा किसान पखवाड़े में <राज्य का नाम> की xx से अधिक शाखाएं भाग लेंगी। हम किसान बैठकें, चौपाल और किसान मेले जैसे कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं जो हमें कृषक समुदाय के साथ संपर्क को बढ़ाने और हमारे सम्मानित कृषक ग्राहकों की बैंकिंग और वित्तपोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।"

यह भी जोड़ें: पिछले वर्ष के दौरान पखवाड़े में भागीदारी और राज्य द्वारा प्रमुख उपलब्धियों संबंधी स्थानीय राज्य / अंचल-वार डेटा पॉइंट। इसके अलावा, राज्य में कृषि ऋण पोर्टफोलियो में वृद्धि आदि।

वर्ष 2022 में आयोजित बड़ौदा किसान पखवाड़े के दौरान, किसान बैठकों, चौपालों, किसान मेलों, स्वास्थ्य शिविरों (मिट्टी, मवेशी, किसान) आदि जैसे कुल 20,152 संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए और बैंक ने इस अवधि के दौरान 3,87,179 किसानों से संपर्क स्थापित किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा कृषि क्षेत्र को प्रदत्त ऋण वर्ष दर वर्ष 13.7% की वृद्धि के साथ 30 सितंबर, 2023 तक ₹1,30,694 करोड़ रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा में कृषि ऋण के लिए आवेदन करने के लिए ग्राहक - https://bit.ly/AGRILoans पर विजिट कर सकते हैं।

**About Bank of Baroda**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**

Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com